दिनांक 7 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध जलापूर्ति प्रदाय करने एवं पीलिया से बचाव के लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली अधिकारियों की बैठक , सोशल डिस्टेंस का रखा गया ध्यान

भिलाई नगर/ ग्रीष्म ऋतु में सुचारू रूप से पेयजल प्रदाय करने तथा पीलिया से बचाव के लिए शहर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारियों की बैठक ली सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के लिए कुर्सियों को 1 मीटर की दूरी में रखा गया था एवं सभी ने मास्क लगाया हुआ था! पीलिया से बचाव के लिए शुद्ध पेयजल तथा ग्रीष्म ऋतु में सुचारू रूप से जल प्रदाय लोगों तक पहुंचाने के लिए निगम ने कयावद तेज कर दी है! घर-घर क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया जा रहा है तथा पानी को उबालकर पीने समझाइश दी जा रही है! जल शुद्धीकरण के लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में ब्लीचिंग, क्लोरीन, एलम एवं चूना आदि की व्यवस्था की जा रही है! ट्रक टैंकर , ट्रैक्टर टैंकर, पावर पंप एवं पैनल संधारण , हैंडपंप संधारण, पाइपलाइन लिकेज संधारण, और पावर पंप संचालन हेतु श्रमिक , जल शोधन संयंत्र के लिए एलम , ब्लीचिंग, चूना, सोडियम हाइपोक्लोराइट, क्लोरीन, जल शोधन संयंत्र के लिए श्रमिक की व्यवस्था के विषय में बिंदुवार चर्चा की गई!!

जनसंपर्क अधिकारी